कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

## महत्वपूर्ण सूचना

विषयः– खेलकूद कोटा वर्ष 2025–26(खुला विज्ञापन) के तहत् भर्ती के संबंध में– जयपुर मण्डल।
सन्दर्भः–रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर द्वारा खेलकूद कोटे के तहत् भर्ती हेतु जारी अधिसूचना सं. 01/2025(NWR/Sports/open Advt.) दिनांक 30.06.2025

-----------

उत्तर पश्चिम रेलवे पर खुले विज्ञापन के तहत् खेलकूद कोटा वर्ष–2025–26 में भर्ती हेतु जयपुर मण्डल पर पे मैट्रिक्स लेवल–1 के पदों पर खिलाडियों की भर्ती हेतु उपरोक्त संदर्भित अधिसूचना दिनांक 30.06.2025 जारी की गई थी।

उक्त अधिसूचना के तहत् प्रोविजनली पात्र एवं अपात्र पाए गये आवेदनों की सूची दिनांक 12.12.2025 को रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से सर्वसंबंधित को प्रसारित की गई।

प्रसारित की गई पात्रता/अपात्रता सूची के क्रम में निर्धारित दिवस तक प्राप्त आपत्तियों का निराकरण किया गया, जिसके अनुसार दिनांक 12.12.2025 को रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से पात्रता सूची प्रसारित की गई थी जो यथावत है। प्रोविजनली पात्र आवेदकों को ट्रायल के समय ट्रायल शुरु होने से पूर्व दस्तावेज सत्यापन समिति को आवश्यक रुप से प्रस्तुत करने होंगे।

यह भी सूचित किया जाता है कि, जयपुर मण्डल पर पे मैट्रिक्स लेवल–1 के पदों पर भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों की ट्रायल दिनांक 09.03.2026 से करवाई जानी संभावित है, जिसके संबंध में स्थान व समय और बुलावा पत्र की सूचना रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर की अधिकृत वेबसाईट के माध्यम से उपलब्ध करवा दी जायेगी। संबंधित आवेदक ट्रायल हेतु तैयार रहें।

किसी भी प्रकार के अपडेट के लिए रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर की अधिकृत वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

( गोप./E/1068/Sports Rectt./RRC-2025-26 दिनांक 11.02.2026)

(अनुराग गुप्ता)
मण्डल कार्मिक अधिकारी
कृते मं. रे. प्र.(कार्मिक),उ.प.रे.,जयपुर

Scanned with OKEN Scanner